हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, सोमवार, 26 मई, 2025


11 थानों-चौकियों में पुलिस कर्मियों ने हाथों में झाड़ू लेकर की सफाई


12 कोविड के केस मिलने के बाद भी जिले में नहीं बनाए आइसोलेशन...

### 50 किलोमीटर रफ्तार से चली हवाएं, 33 केवी सब स्टेशन में 6.3/8 एमवीए टी-1 ट्रांसफार्मर का बुश और एलए टूटे

# तूफान का कहर : तेज अंधड़ व बरसात से 400 पेड़, 225 खंभे और 35 ट्रांसफार्मर धड़ाम, 18 घंटे ठप रही बिजली

## कुलां में सबसे ज्यादा 52 एमएम और फतेहाबाद में 33 एमएम बारिश की गई दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

पश्चिमी विक्षोभ के चलते फतेहाबाद जिले में शनिवार रात को अचानक आंधी शुरू हुई और कुछ देर में ही झमाझम बरसात शुरू हो गई। करीब दो घंटे हुई जोरदार बारिश से शहर पूरी तरह जलमग्न हो गया। बारिश के बाद मौसम खुशनुमा हो गया और रविवार को तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई। इससे पूर्व करीब 50 किलोमीटर प्रति किलोमीटर की रफ्तार से आए तेज अंधड़ ने जिले में करीब 400 पेड़, 225 बिजली के खंभे और 35 ट्रांसफार्मर टूट कर जमीन पर गिर गए। अंधड़ के बाद जिले में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। फतेहाबाद शहर के 11 फीडरों में से अनेक फीडरों पर तो 18 घंटे बाद बिजली आपूर्ति बहाल हुई। फतेहाबाद के 33 केवी सब स्टेशन में 6.3/8 एमवीए टी-1 ट्रांसफार्मर का बुश और एलए टूट गए। इस कारण 3 फीडरों की बिजली रविवार दोपहर बाद चालू हुई। कुलां में सबसे ज्यादा 52 एमएम और फतेहाबाद में 33 एमएम बारिश दर्ज की गई। जिलेभर में शनिवार रात 9.30 बजे एकाएक बदले मौसम के बाद 50 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से अंधड़ आया। इसके थमते ही तेज हवा के साथ बारिश होने लगी। करीब दो घंटे तक रुक-रुक कर बारिश होती रही। इस दौरान शहरी और ग्रामीण इलाकों में पेड़ों और बिजली लाइनों को नुकसान पहुंचा। इससे बिजली आपूर्ति ठप हो गई। शहरी व ग्रामीण सर्कल के कई इलाकों में तो रातभर बिजली आपूर्ति नहीं बहाल हो सकी। बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण बिजली निगम कार्यालयों में फोन घनघनाते रहे। हालांकि कितने खंभों और पेड़ों को नुकसान पहुंचा इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी। अधिकारियों का कहना है कि बिजली निगम की टीमें नुकसान का आंकलन कर रही है, देर रात तक रिपोर्ट मिलेगी। रात को आए तेज अंधड़ की गति इतनी तेज थी कि बाजारों में होर्डिंग गिर गए। घर लौट रहे लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। करीब 9 बजे बूंदाबांदी शुरू हुई, लेकिन हवा तेज होने के साथ ही मोटी बूंदे गिरने लगी। इससे शहर के थाना रोड, नेशनल हाइवे सहित सभी बाजारों में कई-कई फुट पानी भर गया। इससे पहले बिजली निगम ने एहतियात के तौर पर बिजली आपूर्ति को बंद कर दिया।


फतेहाबाद। तेज अंधड़ के कारण जिलेभर में गिरे बिजली के खंभे।


फतेहाबाद। 33 केवी में लगा ट्रांसफार्मर व उससे टूटा बुश। फोटो: हरिभूमि

### बरसात से नरमे की फसल को फायदा

बरसात के बाद नरमा उत्पादक किसानों ने राहत की सांस ली है। दरअसल, नहरबंदी और पानी की कमी के चलते नरमे की बिजाई रूक गई थी। जिन किसानों ने नरमे की बिजाई कर ली थी, वह सड़ रहा था। शनिवार रात हुई बरसात नरमा उत्पादक किसानों के लिए वरदान साबित हुई। नरमे की फसल को पानी मिल गया और जो किसान नरमा बिजाई से वंचित रह गए थे, उन्होंने नरमे की बिजाई का काम शुरू कर दिया है।

### मौसम विभाग ने रात को जारी किए दो बुलेटिन

एचएयू हिसार के मौसम विभाग ने 24 मई को बारिश की संभावना जताई थी। इसके बाद 26 मई को पश्चिमी विक्षोभ के कारण बारिश की संभावना जताई हुई है। 27 मई व 29 मई को भी प्रदेश में बारिश व तेज हवाओं की भविष्यवाणी की हुई है। शनिवार को मौसम विभाग के अध्यक्ष डॉ. एमएल खिचड़ ने रात सवा 8 बजे बुलेटिन जारी कर सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, जींद, भिवानी, चरखीदादरी में बरसात व धूल भरी आंधी की संभावना जताई थी। बारिश अभी चल रही थी कि 10:45 पर दोबारा धूलभरी आंधी व बारिश की संभावना जताई गई।

### 33 केवी में बुश टूटने से बिजली रही ठप

*आंधी व बरसात के कारण 220 केवी से फतेहाबाद भट्टू रोड स्थित 33 केवी सब स्टेशन को सप्लाई होने वाली बिजली रात 8:50 पर बंद कर दी गई। इस दौरान सभी 11 फीडर बंद होने के कारण शहर में ब्लैक आऊट की स्थिति बन गई। बारिश हलकी होने पर 10:50 पर कई फीडरों से बिजली की सप्लाई शुरू हो गई। रविवार सुबह 6 बजे दोबारा मेंटेनेंस के चलते बिजली बंद कर दी गई जोकि दोपहर 11 बजे बहाल हुई। 33 केवी से जब सभी 11 फीडर चलाए गए तो 11:15 बजे 6.3/8 एमवीए ट्रांसफार्मर का एलए और बुश टूटकर दूर जा गिरे, जिससे 3 फीडर सिरसा रोड, योग नगर व सिटी फीडर पर बिजली ठप हो गई।*

### फतेहाबाद में हुई बरसात

| | |
|---|---|
| ⏭भूना | 4 एमएम |
| ⏭रतिया | 3 एमएम |
| ⏭भट्टूकलां | 29 एमएम |
| ⏭फतेहाबाद | 33 एमएम |
| ⏭टोहाना | 39 एमएम |
| ⏭जाखल | 24 एमएम |
| ⏭कुलां | 52 एमएम |


सिरसा। बरसाती में फंसी एक ट्रॉली को क्रेन से निकालती। फोटो: हरिभूमि


सिरसा। सडक़ किनारे बने गड्ढे में धंसा ट्रक। फोटो: हरिभूमि

## सिरसाः तेज बरसात से सड़कें पानी से लबालब

- तेज अंधड़ से जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त
- सैकड़ों बिजली के पोल व पेड़ गिरे, बिजली-पानी आपूर्ति रही ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा


सिरसा। बरसात से सड़कों पर जमा पानी। फोटो: हरिभूमि

जिला में बीती रात तेज अंधड़ के साथ बारिश हुई। तेज आंधी से जिला में सैकड़ो बिजली के पोल और पेड़ गिर गए। मार्गों पर पेड़ गिरने से यातायात में भी अवरोध उत्पन्न हुआ। कई हिस्सों में रातभर बिजली गुल रही, जिससे पेयजल आपूर्ति ठप हो गई। बरसात से शहर की सड़के लबालब हो गई। स्ट्रॉम वाटर पाइप लाइन के लिए शहर के कई भागों में पाइप लाइन डालने का काम चल रहा है। बरसात के बाद इन इलाकों में स्थिति और गंभीर हो गई। सड़क किनारे जगह-जगह गड्ढे हो गए, जिनमें कई वाहन धंस गई। वाहन मालिकों को क्रेन बुलाई पड़ी। वहीं बरसात से नरमा फसल को काफी लाभ पहुंचा है। बरसात के बाद तापमान में भी गिरावट दर्ज गई है। बारिश से पहले तापमान 45 डिग्री के पार चल रहा था और लोगों का घरों से निकला मुश्किल हो गया था। आंधी तूफान से लोगों का काफी नुकसान हुआ है। डबवाली कस्बे के गांव अबूबशहर में तूफान के साथ तूड़ी के ढेर में आग लग गई, जिससे सैकड़ों क्विंटल तूड़ी जलकर राख हो गई। आंधी तूफान के चलते हाईटेंशन लाइनें की लाइनें भी डैमेज हो गई। तुफान की गति इतनी तेज थी कि पेड़ जड़ सहित उखड़ गए। और खंभों से बिजली की लाइनें टूट गई।

## रतिया में दुकान में भड़की आग

- करीब 80 गांव में बिजली व्यवस्था चरमाई

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

शनिवार देर शाम क्षेत्र में आई तेज आंधी और बारिश के चलते जहां जीवन अस्त व्यस्त हो गया वही क्षेत्र में पिछले 18 घंटे से बिजली व्यवस्था चरमराई रही। इस आंधी से बिजली निगम को भारी नुकसान हुआ है हर सड़क के रास्ते पर खंभे और वृक्ष टूटे देखे गए। इसके चलते रविवार दोपहर तक बिजली व्यवस्था को सुचारू नहीं कर पाए। शनिवार देर रात को आई आंधी से क्षेत्र में करीब 82 पोल व 3 ट्रांसफर टूट गए जिसके चलते शहर के साथ-साथ क्षेत्र के करीब 80 गांव में बिजली व्यवस्था चरमरा गई क्योंकि आंधी के बाद आई बारिश के चलते बिजली कर्मचारियों को बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने में असमर्थ दिखाई दिए। तेज आंधी, बारिश के चलते जहा आमजन को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ा वहीं शनिवार रात्रि 10 बजे शहर के पुराना बस स्टैंड के पास बुढलाडा रोड पर दुकानों के बिल्कुल साथ सटे एक खंभे के ऊपर लगी मुख्य वायर में स्पार्किंग से भयंकर आग लग गई। आग से उठी लपटें दुकानों को अपनी चपेट में लेने लगी तो वहां से गुजर रहे कुछ राहगीरों ने इसकी दुकानदारों और बिजली शिकायत केंद्र पर दी लेकिन काफी देर तक बिजली कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचे तो दुकानदारों ने पहले शिकायत केंद्र पर फोन मिलाया तो शिकायत केंद्र पर फोन रिसीव नहीं किया गया।


रतिया। आंधी के कारण स्कार्पिंग से दुकान से उठती आग की लपटें।

## लोगों ने पानी की किल्लत को लेकर लगाया जाम

**सिरसा।** वार्ड नंबर 22 में गत एक सप्ताह से चल रही पेयजल किल्लत से परेशान वार्डवासियों ने रविवार सुबह रानियां गेट पर जाम लगाकर प्र्याप्त पेयजल कुहैया करवाने की मांग की। वार्डवासी सुबह रानियां गेट पर एकत्रित हुए और जाम लगा दिया। वार्डवासियों ने कहा कि गर्मी के इस भयंकर मौसम में उनके घरों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा जिसके चलते वे पानी खरीदकर पीने को मजबूर हैं। वार्डवासियों ने काफी देर तक सडक़ पर जाम लगाए रखा जिसके कारण दोनों ओर से आने जाने वाला यातायात पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। जाम लगने की सूचना मिलने पर सब्जी मंडी पुलिस चौकी व डायल-112 के पुलिस कर्मचारी मौके पर पहुंचे। पुलिस कर्मचारियों ने वार्डवासियों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया।

## करोड़ों की धोखाधड़ी में एक और काबू

- 80 करोड़ के फ्रॉड के मामले में मास्टमाइड सहित पांच लोगों को पहले ही काबू कर लिया गया है

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

आर्थिक अपराध शाखा फतेहाबाद ने रतिया के बहुचर्चित करोड़ों रुपये के धोखाधड़ी के मामले में एक ओर युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान जसबीर सिंह उर्फ शीरा पुत्र जगतार सिंह निवासी गुरूसर, रतिया के रूप में हुई है। इस मामले में मुख्य मास्टरमाइंड डॉ. सुखदेव सिंह सहित पांच लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर आर्थिक अपराध शाखा फतेहाबाद पुलिस की टीम लाखों रुपये की सम्पति बरामद कर चुकी है। आर्थिक शाखा प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार ने इस बारे में 16 अप्रैल को सहनाल निवासी अमरीक सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार गांव सहनाल के ही डा. सुखदेव सिंह ने अपने पिता के नाम से शीशपाल फ्रंटलाइन कंसल्टेंसी एंड सर्विसेज प्रा. लि. के नाम से कम्पनी बना रखी है और एक महीने में लोगों को दोगुना रुपये करने का लालच देकर धोखाधड़ी कर लोगों के पैसे लगवा रहा है। पुलिस को शिकायत मिलते ही तुरंत कार्यवाही करते हुए थाना सदर रतिया में केस दर्ज किया गया। इस मामले में पुलिस ने 5 मई को आरोपी बलिन्दर कुमार उर्फ बिन्नु पुत्र अजयब सिंह व जसवंत सिंह उर्फ शीरा पुत्र बलदेव सिंह निवासी सहनाल को गिरफ्तार किया और उसके बाद आर्थिक अपराध शाखा की पुलिस टीम ने मुख्य मास्टरमाइंड डॉ. सुखदेव सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी ने पूछताछ के दौरान कबूल किया कि उसने यह कम्पनी लोगों को पैसे दोगुने का लालच देकर फ्रॉड किया है और उसने अपनी कम्पनी में करीब 2934 लोगों की आईडी लगाकर करीब 80 करोड़ रुपये का फ्रॉड कर पैसे कमाए है।


फतेहाबाद। करोड़ों की ठगी मामले में गिरफ्तार युवक। फोटो: हरिभूमि

## सीडीएलयू के कुलपति कर रहे पद का दुरुपयोगः चौटाला

- हरियाणा रोजगार कौशल निगम के तहत लगे कर्मचारियों की नियुक्तियों पर छेड़छाड़ का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

जननायक जनता पार्टी के प्रदेश के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के अल्प समय के लिए कार्यकाल संभाले हुए वाइस चांसलर प्रो. नरसीराम बिश्नोई अपनी शक्तियों का दुरूपयोग करते हुए विश्वविद्यालय में हरियाणा रोजगार कौशल निगम के तहत लगे कर्मचारियों की नियुक्तियों से छेड़छाड़ कर रहे हैं जिसे किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। दिग्विजय रविवार को सिरसा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मौजूदा वाइस चांसलर प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने हाल ही में हरियाणा रोजगार कौशल निगम के तहत हॉस्टल वार्डन के तौर पर कार्य करने वाली दो महिला कर्मचारियों को वहां से हटाकर अपने रिश्तेदारों को एडजस्ट करने का काम किया है और इसकी कोई वजह भी नहीं दिखाई गई, जबकि सर्वोच्च न्यायालय की गाइडलाइंस के मुताबिक वे ये कार्य तब तक नहीं कर सकते जब तक उनके स्थानापन्न किसी स्थाई कर्मचारी की नियुक्ति न हो। दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय की स्थापना पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला ने यहां के युवाओं को शिक्षा क्षेत्र में सही दिशा तय करने के उद्देश्य से की थी मगर बाद की सरकारों ने यहां समय समय पर अपने हिसाब से कार्य किया।


सिरसा। पत्रकारों से बात करते हुए दिग्विजय चौटाला। फोटो: हरिभूमि

### सीएम से दखल की मांग

उन्होंने कहा कि बेहतर होगा कि विवि प्रशासन वीर सावरकर का नाम देविवि में किसी अन्य भवन का कर दें मगर पहले से ही घोषित स्टूडेंट एक्टीविटी हॉल का नाम सरदार प्रकाश सिंह बादल के नाम पर ही रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में मुख्यमंत्री हरियाणा को विशेष तौर पर दखल देना चाहिए और यदि इस दिशा में सरकार उदासीन रहती है तो जेजेपी सड़क पर उतरकर सरकार को यह करने पर विवश करेगी। जेजेपी नेता ने कहा कि राष्ट्रवाद की छद्म चादर ओढ़कर भाजपा के राज्यसभा सदस्य रामचंद्र जांगड़ा की ओर से वीरांगनाओं के संदर्भ में किए जा रहे अभद्र सवालों को लेकर भाजपा को उन्हें तत्काल पार्टी से बाहर करना चाहिए।

## किरयाणे की दुकान में घुसा ट्रेक्टर हजारों का सामान हुआ क्षतिग्रस्त



**टोहाना।** शहर के अग्रसेन चौक स्थित श्री रामेश्वरदास सुरेश कुमार किरयाणा दुकान में दोपहर के समय एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर घुस गया जिससे दुकान मालिक बाल बाल बच गया। इस दौरान हालांकि दुकान में रखा हजारों रुपए का सामान क्षतिग्रस्त हो गया। दुकानदार सुरेश कुमार ने नुकसान की भरपाई करने व ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। रिशु ने बताया कि उसके चाचा सुरेश कुमार की किराना की दुकान है। रोजाना की तरह दुकान में बैठे थे अचानक एक ट्रैक्टर तेज रफ्तार में आया जिसे 22 साल का लडक़ा चला रहा था। यह ट्रैक्टर सीधा दुकान में घुस गया जिससे दुकान में रखा काउंटर व काउंटर पर रखा समान नष्ट हो गया। इस दौरान उसके चाचा के भी ट्रैक्टर लगने से हल्की चोट लगी है। उसने बताया कि बच्चों को ट्रैक्टर देकर उसके पिता ने भी गलती की है जिसके खिलाफ कार्यवाही की जाए तथा उनके नुकसान की बरपाई की जाए। दुकानदार ने बताया कि रविवार को बाजार में भीड़ कम होने के चलते दुकान में ग्राहक नहीं था नहीं तो किसी की जान भी जा सकती थी। पुलिस को ऐसे तेज रफ्तार से वाहन चलाने वाले कर सख्त कार्यवाही करनी चाहिए। इस हादसे की सूचना के बाद आस पास के दुकानदार जमा हो गए।

## जाखल पुलिस ने हेरोइन सहित एक युवक को किया गिरफ्तार



**फतेहाबाद।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत जाखल क्षेत्र से एक युवक को हेरोइन सहिहत गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए युवक की पहचान सनी पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी बाजीगर बस्ती, जाखल के रूप में हुई है। थाना जाखल में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। थाना जाखल प्रभारी एसआई कुलदीप सिंह ने बताया कि जाखल पुलिस की टीम एएसआई पवन के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब जाखल ओवरब्रिज के पास पहुंची तो ओवरब्रिज के नीचे रेलवे लाइन की तरफ से एक युवक पैदल आता दिखाई दिया। उक्त युवक पुलिस टीम को देखकर घबरा गया और वापस मुडक़र तेज कदमों से चलने लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम सनी बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 4.80 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इस पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है।

### पुलिस के नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में किया शामिल

# प्रशिक्षित डॉग 'रेम्बो' और 'जैक' पकड़ेंगे नशा

- अभियान को उद्देश्य युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाना और नशा तस्करी के नेटवर्क को जड़ से समाप्त करना है

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले में नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के लिए फतेहाबाद पुलिस ने एक नई रणनीति के तहत डॉग स्क्वाड के प्रशिक्षित स्निफर डॉग 'रेम्बो' और 'जैक' को नशा विरोधी अभियान में शामिल किया है। इन दोनों खोजी कुत्तों के सहयोग से अब जिले में नशा तस्करों के विरुद्ध सघन तलाशी एवं छापेमारी अभियान चलाया जाएगा। यह विशेष अभियान पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के कुशल नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य फतेहाबाद को नशा मुक्त बनाना, युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाना और नशा तस्करी के नेटवर्क को जड़ से समाप्त करना है।



फतेहाबाद। नशा तस्करों की तलाश में डॉग स्क्वाड के पुलिस कर्मचारी।

### डॉग स्क्वायड की भूमिका होगी निर्णायक

⏭संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की तलाशी

⏭सीमावर्ती गांवों में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी

⏭नशीले पदार्थों के भंडारण व वितरण केंद्रों की पहचान और ध्वस्तीकरण

### सार्वजनिक स्थानों पर की जाएगी तलाशी

'रेम्बो' और 'जैक' फतेहाबाद पुलिस डॉग स्क्वाड के अत्यंत दक्ष स्निफर डॉग हैं। इन्हें विशेष प्रशिक्षण देकर नशीले पदार्थों की गंध पहचानने में निपुण बनाया गया है। अब ये दोनों खोजी कुत्ते पुलिस टीम के साथ बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों, होटल-ढाबों, सीमावर्ती क्षेत्रों और अन्य संदिग्ध ठिकानों पर तलाशी अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नशे का कारोबार हमारे समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है।

*जो प्रेम असहिष्णु हो, जो दूसरों के मनोभावों का तनिक भी विचार न करे, जो मिथ्या कलंक आरोपण करने में संकोच न करे, वह उन्माद है, प्रेम नहीं।*

**- मुंशी प्रेमचन्द**



*भले ही उसके पास रात को रुकने का कोई ठिकाना न था परन्तु वह खुश था। खाली समय में वह खेतों की ओर निकल जाता। जहाँ किसान उसे कुछ काम दे देते और बदले में खाना भी खिला देते। ऐसे ही एक किसान पॉल विच से उसकी घनिष्ठता बढ़ने लगी। एक दिन पॉल विच ने कहा कि कपिल मेरे पास दो कमरे हैं। यदि कभी आवश्यकता हो तो तुम रुकने आ सकते हो।*





कहानी

आशा खत्री 'लता'

# जीवनदान

विदेशी धरती पर समुद्र के किनारे बसे इस सुन्दर नगर की दूर तक फैली बीच पर यूँ ही घूमते हुए उसे कई दिन बीत चुके थे। मगर उसे अभी तक एक भी ऐसा चेहरा नहीं मिला था जिस पर उसे अपने लिए कुछ अपनत्व भाव दिखाई दे। अधिसंख्य गोरे और कुछेक मुस्लिमों की भीड़ में उसे कोई भारतीय नहीं दिखाई दिया। गोरी चमड़ी वाली औरतें मात्र अंतःवस्त्रों में ही काला चश्मा लगाये इधर-उधर पसरी पड़ी या किसी मर्द की बाँहों में बाँहें डालकर घूमती दिखाई देती। सर्दियों की दोपहर को यहाँ धूप सेंकना सूर्य स्नान कहलाता है। छोटे-मोटे कार्य के अतिरिक्त उसे कुछ करने को अभी तक नहीं मिला। वह, वह पाना चाहता है जिसके लिए वह अपना देश, अपना घर और अपना परिवार छोड़कर यहाँ आया है। और यह पाने को उसका भाग्य कब चमकता है उसे उसी की प्रतीक्षा भी है और खोज भी।

उसे यहाँ आये आज एक सप्ताह हो गया समझ नहीं पा रहा कि क्या किया जाये जिससे उसके गुजारे के साथ-साथ कुछ रुपये बचाकर वह घर भी भेज सके। तभी उसे एक दढ़ियल प्रौढ़ ने पुकारा - "हे जैन्टलमैन, माला लेंगे।" कहते हुए मालाओं से लदा हाथ उसने उसके आगे कर दिया। जेब के पैसे खत्म हो जाने का डर उन सुन्दर रंग-बिरंगी मालाओं के आकर्षण से बहुत बड़ा था तो दूसरी ओर मालाओं का आकर्षण भी कम नहीं था। उसे ऊहापोह में छोड़ दढ़ियल ने पास से गुजरती एक महिला की तरफ बढ़ते हुए कहा-"हे मैम, देखिये कितनी सुन्दर माला! आपके गले में सजकर तो ये और भी सुन्दर लगेगी।" वह आगे बढ़ती-बढ़ती ठिठक गयी। रंगीन पारदर्शी पत्थरों की उन मालाओं के साथ-साथ मालावाले की मधुर स्वरलहरी और नारी सौन्दर्य की प्रशंसा करती वाणी ने उसके कदम रोक लिये थे।

"ये कितने की है?" उस महिला ने कई मालाओं में से एक को छूते हुए कहा।

"केवल दो सौ रुपये की परन्तु आपकी खूबसूरत गर्दन के लिये एक सौ पचहत्तर की मैम।"

"नहीं-नहीं एक सौ पचास में देनी है तो दीजिए।"

दढ़ियल ने तत्काल माला निकालकर उसे पकड़ा दी और महिला पैसे निकालकर उसे थमा चुकी थी। दढ़ियल उसे एक तरफ छोड़ घूमते हुए माला बेच रहा था। कपिल को लगा कि यह काम तो बड़ा आकर्षक है। इसमें सामान के साथ-साथ मधुर स्वर और सौन्दर्य के नये-नये उपमानों के लिये काफी स्थान है। रात भर वह इस विषय पर सोचता रहा। अगले दिन बीच पर घूमते हुए वह माला वाले को ढूंढ़ता रहा। दोपहरी ढलने लगी थी कि उसे वह दिखाई दे ही गया। जहाँ चाह वहाँ राह की उक्ति को दोहराता हुआ कपिल लम्बे डग भरता हुआ उसके पास पहुँच गया।

"माला दिखाओ" वह मुस्कुराते हुए बोला।

दढ़ियल ने भी मुस्कुराते हुए हाथ आगे बढ़ा दिया। एक सुन्दर सी माला उठाते हुए उसने मूल्य पूछा।

"तीन सौ रुपये" दढ़ियल ने कहा।

"दो सौ में दे सकते हो तो दे दो" कपिल ने कहा।

"नहीं" कहते हुए वह आगे बढ़ने लगा।

"रुको, लो, तीन सौ रुपये और माला दो।"

दढ़ियल ने प्रसन्नता से रुपये थामते हुए माला उसे पकड़ा दी।

"बहुत ही सुन्दर है।" कहते हुए कपिल बात को आगे बढ़ाने की गर्ज से मुस्कुराया।

"वो तो है"

"कहाँ से खरीदते हो"

"सुपर मार्किट से" कहते हुए दढ़ियल आगे बढ़ने को हुआ तो कपिल ने उसे रोकते हुए कुछ और भी बातें की।

अगले दिन ही सुपर मार्किट से कुछ मालाएं खरीदकर वह भी बीच पर घूमने लगा। उसकी मुस्कुराती आँखें, मीठी वाणी और जादुई शब्दों का प्रभाव कि कुछ महिलाओं ने तुरन्त मुँह मांगे दाम पर मालाएं ले ली। जेब गर्म होते ही वह कुछ फल खरीदकर खाने लगा। पास में ही खेल रहे एक बच्चे को मुस्कुराते हुए उसने बड़े लाड़ से एक सेब प्रस्तुत किया। जिसे बालक बिना किसी ना नुकर के लेकर उसके पास बैठ खाने लगा। वह खुश था। आज का दिन कितना अच्छा है उसके लिए, उसका काम भी शुरू हो गया और इस बच्चे के रूप में उसे एक साथी मिल गया। भले ही बीच पर कुछ पल के लिए ही सही। बालक कुछ ही देर में उससे घुल-मिल गया उसने अपना नाम ईवान बताया।

अब कपिल का धन्धा चल निकला और ईवान के साथ दोस्ती भी। वह हर रोज की कमाई प्रातः स्थानीय बैंक में जाकर जमा करवा देता और सप्ताहांत में उसे पिता के खाते में भेज देता।

भले ही उसके पास रात को रुकने का कोई ठिकाना न था परन्तु वह खुश था। खाली समय में वह खेतों की ओर निकल जाता। जहाँ किसान उसे कभी-कभार कुछ काम दे देते और बदले में उसे वोदका के साथ खाना भी खिला देते। ऐसे ही एक किसान पॉल विच से उसकी घनिष्ठता बढ़ने लगी। एक दिन पॉल विच ने कहा कि कपिल मेरे पास दो कमरे हैं। यदि कभी आवश्यकता हो तो तुम रुकने आ सकते हो।

"मैं तो आज ही आ जाता हूँ।" कपिल ने कहा। अन्धा क्या चाहे दो आँखें, मन की इच्छा पूरी हो रही थी। अब उसने पॉल विच के कमरे में रात का ठिकाना जमा लिया। दिन भर समुद्र किनारे सैलानियों को मालाएं व पत्थर बेचने और प्रातः सांय पॉल विच के खेतों में काम करते उसे लगता जैसे वह अपने गाँव के खेतों में, अपने गाँव की मिट्टी से मिल रहा है। अपने गाँव से हजारों किलोमीटर दूर कई समन्दर पार इस शीत प्रदेश में जीवन बहुत कठिन तो था परन्तु कठोर नहीं लग रहा था। पॉल विच जो आयु के लगभग पचहत्तर वर्ष पार कर चुका था, एक संरक्षक के रूप में उसके सिर पर था। वह अपनी जवानी में एक पहलवान था, फिर प्रदेश सरकार में मन्त्री बना और अब किसान बनकर अपना वार्धक्य बिता रहा था। खेत में काम करने के बाद नित्य वोदका का सेवन करते हुए पत्नी के हाथ का स्वादिष्ट खाना उसके साथ-साथ कपिल को भी मिलने लगा था। पॉल विच की पत्नी एक सुघड़ गृहिणी के साथ एक वात्सल्यमयी स्त्री थी।

परन्तु जिन्दगी इतनी भी सरल कहाँ होती है जितनी आजकल कपिल को लग रही थी। हुआ यूँ कि पॉल विच की एक रिश्तेदार अपने दो बच्चों के साथ उसके पड़ोस में रहने आ गयी। वह स्वभाव से ही एक झगड़ालू और कर्कश स्वर वाली स्त्री थी। पॉल विच और कपिल की मित्रता उसे चुभती थी। कपिल उसे कतई घास नहीं डालता था। वह प्रयास भी करती तो कन्नी काट जाता।

ऐसी ही एक प्रातः जब कपिल पॉल विच के खेत में कार्य में जुटा था, तब वह आई और उस पर डोरे डालने का प्रयास करने लगी-

"प्यारे कपिल, तुम कितना काम करते हो।"

"प्रिय ओल्गा, क्या करूँ, मैं यहाँ काम ही तो करने आया हूँ।"

"क्या हम मित्र बन सकते हैं प्रिय कपिल।"

"ऐसा कैसे सम्भव है झगड़ालू ओल्गा।" कपिल मुस्कुराया।

"मैं तुमसे तो नहीं ही झगडूंगी प्रिय कपिल"

"लेकिन मैं तो तुम जैसी कर्कशा से बात करना भी पसन्द नहीं करता। मुझे तो कोई मधुर स्वर वाली सुकुमारी ही आकर्षित कर सकती है झगड़ालू ओल्गा। अब तुम जाओ, नहीं तो तुम्हारी यह बेशर्मी मैं पॉल विच को बता दूँगा।"

*कुछ दिन ही बीते थे कि अवसर पाकर फिर ओल्गा कपिल का हाथ थाम प्रणय निवेदन करने लगी। कपिल ने हाथ छुड़ाने का प्रयास किया तो वह उसका गाल चूमने को बढ़ी। उसके इस प्रयास को कपिल ने उसे धक्का देकर गिराते हुए विफल कर दिया। कर्कश ओल्गा इस अपमान से और भी खूंखार हो उठी।*

कपिल के मुँह से अपने लिए ऐसी उपेक्षापूर्ण बातें सुनकर वह पैर पटकती हुई चली गयी। कपिल ने तो पॉल विच को कुछ नहीं बताया पर जैसा कि उसे अन्देशा था कि ओल्गा ने पॉल विच को अपने हिसाब से कपिल के दुर्व्यवहार की शिकायत की। पॉल विच ने दुनिया देखी थी और कपिल के सद्व्यवहार को वह जानता था। ओल्गा के चरित्र की भी भनक उसे थी। अतः उसने कपिल से इस विषय में कुछ विशेष नहीं कहा।

कुछ दिन ही बीते थे कि अवसर पाकर फिर ओल्गा कपिल का हाथ थाम प्रणय निवेदन करने लगी। कपिल ने हाथ छुड़ाने का प्रयास किया तो वह उसका गाल चूमने को बढ़ी। उसके इस प्रयास को कपिल ने उसे धक्का देकर गिराते हुए विफल कर दिया। कर्कश ओल्गा इस अपमान से और भी खूंखार हो उठी। उसने अपने पति, जो दूसरे शहर का माफिया डॉन था को, कपिल पर दुराचार के प्रयास का आरोप लगाते हुए रो-रोकर शिकायत की। उसके पति जिसके लिए मारपीट, हत्या जैसे जुर्म सामान्य बात थी, ने कुपित होकर कपिल की सुपारी स्थानीय माफिया डॉन दुश्र्चेव को दे दी।

दुश्र्चेव ने उसी दिन अपने एक गुण्डे को कपिल को शाम तक अपने पास उपस्थित करने का आदेश दिया। उस गुण्डे ने माला बेचते हुए कपिल को धर पकड़ा और शाम को अपने बॉस दुश्र्चेव के सामने उसके अड्डे पर उपस्थित होने का हुक्म चेतावनी भरे भयभीत कर देने वाले लहजे में दिया। कपिल भले ही कई महीने यहाँ रहते हुए पॉल विच की छत्रछाया में स्वयं को सुरक्षित अनुभव करने लगा था। वह हर शाम बीच पर व्यवसाय करने के लिए एक निश्चित राशि स्थानीय माफिया के कारिन्दे को भी देता था। परन्तु मारपीट, हत्या आदि से वह अभिज्ञ था। अतः सांय को जब वह बताये गये ठिकाने पर पहुँचा तो उसने ईवान को भी वहीं खेलते हुए पाया। उसे देखते ही ईवान चिल्ला पड़ा-

"भइया कपिल! भइया कपिल" और दौड़कर उससे लिपट गया। फिर उसका हाथ खींचते हुए अपने पापा के पास ले गया-

"पापा देखा कपिल भइया जिनके बारे में मैं आपको बताता हूँ। आज ये मुझसे मिलने आये हैं। मैं इनके लिए भी माँ से खाना बनवाता हूँ। आज ये यहीं खाना खायेंगे"

"हाँ, हाँ जाओ ईवान अपनी माँ से कपिल के लिए भी खाना बनाने के लिए कहो। उन्हें बताओ तुम्हारे कपिल भइया आये हैं।"

ईवान के अन्दर जाते ही दुश्र्चेव ने कपिल को सम्बोधित करते हुए कहा-

"तो तुम पॉल विच के यहाँ रहते हो?"

"जी" कपिल ने थूक सटकते हुए कहा।

"मैं कल उनसे मिलूँगा और उन्हीं से बात करूँगा। अब तुम जा सकते हो, ईवान को मैं समझा दूँगा।"

दुश्र्चेव की ठहरी हुई कड़क आवाज और भावहीन चेहरे ने तो कपिल के शरीर में सिहरन दौड़ा दी। परन्तु ईवान उसके लिए देवदूत बनकर आया था। जान बची और लाखों पाये। दुश्र्चेव के कहते ही वह तेज कदमों से खिसक लिया। इस विदेशी धरती पर उसका कौन था जो उसके लिए कुछ करता। वह लगभग दौड़ते हुए अपने ठिकाने पर पहुँचा। अगले चौबीस घण्टे उसके लिए बहुत ही चिन्ताजनक थे, जब तक कि दुश्र्चेव पॉल विच से मिलकर सारा मामला क्या था, न बता ले।

अगली शाम जब खेत पर दो घण्टे कठोर श्रम के उपरान्त कपिल वापस आया तो दुश्र्चेव पॉलविच से मिलकर जा चुका था। पॉल विच ने मुस्कराते हुए कपिल का स्वागत किया और वोदका का गिलास पेश करते हुए कहने लगा-

"दुश्र्चेव आया था। उसे ओल्गा के पति ने तुम्हारी सुपारी दी थी। पर तुम किस्मत के धनी निकले कि ईवान तुम्हें बड़ा भाई मानता है और यही बात तुम्हारे पक्ष में गयी। खैर, ओल्गा को उसके पति ने वापस बुला लिया है। तुम मेरे कमरे में यथावत रह सकते हो।" कपिल कुर्सी पर जड़ हुआ बैठा था। आज वोदका भी उसकी ठिठुरन को दूर न कर सकी। वह समझ नहीं पा रहा था कि यह कंपकंपी डर की है या ठण्ड की। अपनी सुपारी और दो माफिया से उसकी दुश्मनी का यह प्रसंग उसे भीतर तक सिहरा गया। लेकिन दूसरी ओर ईश्वर में उसकी आस्था और प्रगाढ़ हो गयी। एक नन्हें बालक को प्रेम से खिलाये कुछ फल, उसके साथ बिताये कुछ पल उसे जीवनदान दे गये थे।

---

पुष्पलता आर्य



## वर्जना में सर्जना

वर्जना में सर्जना की लीक पकड़े चल रहे हैं
नींद की अवमानना कर स्वप्न सच्चे पल रहे हैं

चीर कर पत्थर युगों के बह रहे उन्मुक्त धारे
कब समय के निर्झरों को बाँध पाए हैं किनारे
बाँध कितने बंधनों के हाथ अपने मल रहे हैं
वर्जना में सर्जना....

कंटकों के दंश कुसुमों ने सहे हैं मुस्करा कर
रात काटी है सितारों ने अंधेरी जगमगा कर
विषधरों के पाश में लिपटे हुए संदल रहे हैं
वर्जना में सर्जना की ..

रुख हवाओं का बदलने की मिली जिनको कुशलता
किंकिरी बनकर उन्हीं के चल पड़ी पीछे सफलता
धार के विपरीत जो बहते रहे अव्वल रहे हैं
वर्जना में सर्जना की ..

श्वास सूली पर चढ़े थे और छलना मुस्कराई
लाख सच ने कष्ट झेले कौनसी पीड़ा न पाई
जो खिले दलदल के तल पर वे कमल का दल रहे हैं
वर्जना में सर्जना की...

मेघ बरसें या न बरसें चातकों ने हठ न त्यागा
प्यास थी पर भूमि से दो बूंद पानी भी न माँगा
या हुई पूरी प्रतिज्ञा अन्यथा निर्जल रहे हैं
वर्जना में सर्जना की ....

---

कृष्ण लाल 'गिरधर



## मिशन सिंदूर

जग जाहिर है जंग हमारी देखो हमारे जांबाज।
पैर पकड़ ले पाकिस्तान, खैर नहीं है तेरी आज ।

पुलवामा ,पहलगाम में पाप किया है पाकिस्तान।
चुन चुन कर अब बदले लेता, देखो हमारा हिंदुस्तान।

भिखमंगा भिखारी मांग रहा दूजो से हथियार।
जितने भी दागे तूने, सबके सब कर दिये बेकार।

पूरा विश्व अब देख रहा ,तेरे बंकर अड्डों को।
अब आतंकी ढेर हो रहे, देखो उनके खड्डों को।

शांत प्रिया सेना हमारी,कभी ना युद्ध चाहती है।
तेरे जैसे बेशर्म देश को, सबक जरूर सिखाती है।

अब ना चूकेंगे अब ना रुकेंगे, पूरा हिसाब चुकाएंगे।
मेरे भारत वीर सेनानी आगे बढ़ते जाएंगे।

जिन बहनों का सिंदूर मिटा है, उनको न्याय दिलाएंगे।
चला 'मिशन सिंदूर' है अब जड़ से ही मिटाएंगे।
जय हिन्द, जय हिन्द की सेना।

---

**साहित्यकार कृष्ण कुमार निर्माण का मानना है कि आधुनिक युग में भी निश्चित रूप से साहित्य की स्थिति सर्वोच्च बनी है, मगर सोशल मीडिया के दौर को थोड़ा चुनौती भी कहा जा सकता है। ऐसा भी नहीं है कि साहित्य के पाठकों में कमी आई है, बल्कि मुद्रित पुस्तकों के मुकाबले ऑनलाइन पाठ पठन कुछ ज्यादा हो गया है। असल में साहित्य वही है जो कालजयी हो और आम जनमानस की पीड़ा को प्रभावी तरीके से व्यक्त करता हो।**

साक्षात्कार | ओ.पी. पाल

# सामाजिक उत्थान का माध्यम है साहित्य सृजन: कृष्ण कुमार

साहित्य जगत में लेखन केवल साहित्य संवर्धन ही नहीं है, बल्कि सामाजिक उत्थान में भी साहित्य की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। ऐसा साहित्य सृजन करते आ रहे मूर्धन्य विद्वानों का भी मत है कि साहित्य के बिना समाज की कल्पना असंभव है। समाज को नई दिशा देने के मकसद से ही साहित्यकार अपनी विभिन्न विधाओं में लेखन करने में जुटे हैं।

ऐसे ही लेखकों में साहित्यकार कृष्ण कुमार निर्माण भी सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों को उजागर करके आलेख, कविताओं और सामयिक विषयों पर अपने रचना संसार को दिशा देने में जुटे हुए हैं। साहित्यकार एवं लेखक कृष्ण कुमार निर्माण का जन्म 15 जून 1975 को हरियाणा के सोनीपत जिले में गोहाना तहसील के गांव बरोदा में भूप सिंह निनानिया और रतनी देहड़ान के घर में हुआ। उनके परिवार में कोई साहित्यिक माहौल तो नहीं रहा, लेकिन पिता अक्सर उन्हें सांग दिखाने ले जाया करते थे, शायद इसी से प्रभावित होकर उनमें भी साहित्यिक व संस्कृति के प्रति रुझान बढ़ने लगा। स्कूल में शिक्षकों ने भी उनकी प्रतिभा को निखारने में सहयोग दिया। वह स्कूल में भाषण प्रतियोगिता, काव्य पाठ और अभिनय करते थे और इन सभी विधाओं में उसने पहला स्थान हासिल किया। उन्हें राज्य स्तर पर श्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ कमंटेटर का खिताब भी हासिल हुआ है। बकौल कृष्ण कुमार, बचपन से ही सांग देखकर और अपने ताऊ जी को सुन-सुनकर साहित्य सृजन के लिए उनके लेखन की शुरुआत हुई। सबसे पहले तो हरियाणवी में रागनी लिखना शुरू किया। जब वह आठवीं कक्षा में थे तो उन्होंने अपनी पहली रचना लिखी, जिसे कई आध्यात्मिक कार्यक्रमों में भी गाया और उन्होंने उसे स्वयं भी सुना। इसी बीच निरंकारी मिशन द्वारा एक गीत संग्रह 'हर का भजन करया कर' प्रकाशित हुआ, जो कि पहली बार सार्वजनिक भी हुआ और फिर अखबारों में प्रकाशित हुआ। अखबारों में उनकी रचनाएं छपने के क्रम से उनका आत्मविश्वास बढ़ना स्वाभाविक भी था। जिसमें हिसार में उन्हें राज्य कवि उदयभानु हंस के साथ भी मंच पर कविता पढ़ने का अवसर मिला और यहीं से हिंदी में भी साहित्य लिखने का क्रम आगे बढ़ा। उन्होंने बताया कि उनके लेखन के क्रम ने गति पकड़ी और विभिन्न कवि सम्मेलनों में काव्य पाठ भी करते रहे। वहीं उनके कई साझा संग्रह भी आए, लेकिन एक मित्र ने कहा कि आप इतने दिनों से लिख रहे हो, अपना खुद का संग्रह लिखकर भी छपवाओ। इसके बाद उन्होंने हरियाणवी लघु कविताओं का संग्रह लिखा। जहां तक साहित्यिक सफर में परेशानियों का सवाल है उसके लेखन में कई बार आई, लेकिन ऐसी समस्याएं जल्द हल हो गई। एक ऐसा दिलचस्प किस्सा भी उस समय सामने आया, जब रेवाड़ी में वह अपना कविता पाठ करके मंच से नीचे उतर रहे थे तो युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी ने उनकी लिखी रचना को लिखित में मुझे मांगा, जिससे उनका उत्साह बढ़ना भी स्वाभाविक था। आज वह कविता, ग़ज़ल, लघुकथा, व्यंग्य, समसामयिक विषयों पर लेख लिख रहे हैं और कुंडली, लघुकविता, लघुकथा भी उनके साहित्यक साधना की विधाओं में शुमार हैं। उनके उनके साहित्य लेखन का फोकस जनपक्ष की व्यथा, जातिगत भेदभाव, किसानों की दुर्दशा और नारी अधिकार जैसे सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों पर ज्यादा रहा है।

उनके आलेख, कविताएं और रचनाएं देश की विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में भी अनवरत प्रकाशित होती रही हैं। वहीं हिसार दूरदर्शन से उनके काव्य की अनेक बार प्रस्तुतियां प्रसारित हो चुकी हैं। साहित्य और संस्कृति से दूर होती युवा पीढ़ी को लेकर इनका मानना है कि लेखकों द्वारा साहित्य तो ज्यादा लिखा जा रहा है, लेकिन उसमें गिरावट नजर आने लगी है और यह बहुत ही तकलीफदेह है कि आज साहित्य भी दो खांचों में बांटा जा रहा है।

इसके लिए खासतौर से युवाओं को साहित्य से जोड़ने के लिए स्कूल और कॉलेजों स्तर पर सहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यशालाओं को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। युवाओं को साहित्य के प्रति प्रेरित करने के लिए उनके स्तर और बदलते युग के साहित्य लेखन की जरूरत है।

### प्रकाशित पुस्तकें

साहित्यकार कृष्ण कुमार की प्रकाशित पुस्तकों में हरियाणवी लघुकविता संग्रह 'बखत बखत के बोल', हिंदी आलेख संग्रह 'प्रसंगवश', काव्य संग्रह 'कविता के बहाने व शब्द बोलते हैं', हरियाणवी लघुकविता संग्रह 'घणा बदलग्गा यार जमाना', व्यंग्य संग्रह 'हल्के-फुल्के व्यंग्य', हरियाणवी कुंडली संग्रह 'मन के जालै', आलेख संग्रह 'संयोगवश' शामिल हैं। उनके साझा संग्रह में हरयाणवी गीत संग्रह 'हर का भजन करया कर', 'कविप्रिया', लघुकविता संग्रह 'हरियाणवी जिंदाबाद' आदि प्रमुख हैं।



कृष्ण कुमार निर्माण

### पुरस्कार व सम्मान

हिंदी और हरियाणवी साहित्य में कविता, गजल, लघुकथा, व्यंग्य जैसी विधाओं में योगदान के लिए साहित्यकार कृष्ण कुमार निर्माण को अनेक पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। उन्हें 'हिंदी श्री' सम्मान, श्रेष्ठ साहित्यकार सम्मान, हरियाणवी साहित्य गौरव अवार्ड, श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान, साहित्य सभा कैथल व नेपाल की संस्था द्वारा पुरस्कारों से नवाजा गया है। वहीं कवि सम्मेलनों के मंचों पर भी उन्हें अनेक पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है।

### व्यक्तिगत परिचय

**नाम** : कृष्ण कुमार निर्माण
**जन्मतिथि** : 15 जून 1975
**जन्म स्थान** : गांव व पोस्ट बरोदा, गोहाना, जिला सोनीपत,(हरियाणा)
**शिक्षा** : एमए (हिंदी), बीएड,एलएलबी, पत्रकारिता में डिप्लोमा
**संप्रति** : स्वतंत्र लेखन, कवि एवं शिक्षा विभाग हरियाणा में अधिकारी

---

# क्रूर समय का दर्द बताता 'हस्ताक्षर तुम्हारे हैं'





**कविता-संग्रह : हस्ताक्षर तुम्हारे हैं**
**लेखक : डॉ. कमलेश मलिक**
**मूल्य : 225 रुपये**
**प्रकाशक : न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन**

पुस्तक समीक्षा | ब्रह्म दत्त शर्मा

वरिष्ठ लेखिका और पूर्व कॉलेज प्रिंसीपल कमलेश मलिक मूलतः कथाकार हैं लेकिन कवि के रूप में भी वे कम विख्यात नहीं हैं। यह कविता-संग्रह इसका जीता जागता प्रमाण है। पुस्तक में संकलित कविताओं में वर्तमान समय के लगभग सभी जरूरी मुद्दों या समस्याओं को बड़े पुरजोर तरीके से उठाया गया है। आमतौर पर कविता या कहानी की किसी एक ही किताब में इतने ज्यादा विविध विषय कम ही देखने को मिलते हैं। दूसरा, इन कविताओं की भाषा सहज व सरल है और कवयित्री ने कहीं पर भी अपनी बौद्धिकता का प्रदर्शन करने का अनावश्यक प्रयत्न नहीं किया है। तीसरा ये सभी कविताएं आम आदमी के जीवन से भी जुड़ी हुई हैं। इस संग्रह के शुरुआत में कई बेहतरीन ग़ज़लें हैं। एक बानगी के तौर पर देखिए---

*लोग रहते हैं जहां बस सिर्फ रहने के लिए*
*बेशक मकां कह दो उसे घर तो हो नहीं सकता।*
*कहां तक जाएगी नफरत जगेगी एक दिन उल्फत*
*आखिर इंसां इंसां है पत्थर तो हो नहीं सकता।*

ग़ज़ल के बाद उनकी कविताओं की बात करें तो वहां अलग-अलग कविताओं में अलग-अलग विषयों पर कलम चलाई गई है। "सखी के नाम" कविता में बिछड़ी सहेली को याद करती हैं-

*मैत्री के रंग भला फीके कहां पड़े हैं*
*मैं देखती रही तुम्हें रंगीन तितलियों में।*

बहुत सी कविताएं समसामयिक मुद्दों को लेकर भी हैं। उन्होंने किसान आंदोलन, महिला खिलाड़ियों का आंदोलन, महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ आंदोलन इत्यादि मुद्दों को भी खूब उठाया है।

वे इसी पर कहती हैं, एक महिला खिलाड़ी देश का झंडा फहराती है खेल के मैदान में फिर वही आंसू बहाती है न्याय के विधान में। संग्रह की शीर्षक कविता में उन्होंने मठाधीशों की क्या खूब खबर ली हैः हम कोल्हू के बैलों से बंधी आंखें चले मीलों मगर हमको मिला भूसा, कि गुड शक्कर तुम्हारे हैं। जीवन की नश्वरता भी उनकी लेखनी से छूटी नहीं है, कुछ मीठे खट्टे फलों का एहसास भर है यह जिंदगी तो चार दिन मधुमास भर है, इस मंच का परदा गिराने तलक ही तो कठपुतलियों के नाच का आभास भर है। अंत में इतना कहा जा सकता है कि कमलेश मलिक की कविताएं इस क्रूर समय को कागज पर उतारने में और पाठकों को सोचने पर विवश करने में सफल रही हैं। लेखिका कमलेश मलिक को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने हेरोइन सहित युवक को किया काबू

**सिरसा।** सीआईए कालांवाली पुलिस ने गश्त के दौरान कचहरी चौक चौक क्षेत्र से एक युवक को 6.34 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। सीआईए कालांवाली प्रभारी उप निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि एएसआई मनोहर लाल पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान चौटाला रोड पर कचहरी चौक के पास मौजूद थे। इस दौरान एएसआई को विश्वसनीय सूत्रों से गुप्त सूचना मिली कि विनोद कुमार पुत्र गोविंद राम हैरोइन बेचने का धंधा करता है, आज भी हैरोइन बेचने की फिराक में है। उन्होंने सूचना के अनुसार बताए स्थान महाराणा प्रताप नगर में गली में गए तो सामने से एक युवक पैदल आ रहा था। शक के आधार पर युवक को काबू करके उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 6.34 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### डोडापोस्त तस्करी मामले में तस्कर गिरफ्तार

**डबवाली।** सीआईए डबवाली पुलिस ने 190 किलो डोडापोस्त तस्करी के मामले में असल तस्कर को बठिंडा पंजाब से काबू किया है। आरोपी की पहचान इकबाल उर्फ तित्तरू पुत्र गुरचरण सिंह निवासी देसूजोधा के रूप में हुई है। सीआईए डबवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि बीती 6 फरवरी को पुलिस ने गांव देसूजोधा से दो आरोपियों गुरचरण सिंह पुत्र बंता सिंह व जसविंद्र सिंह उर्फ बिक्कर सिंह पुत्र करतार सिंह निवासी देसूजोधा को जसविंद्र सिंह उर्फ बिक्कर सिंह उक्त के मकान के अंदर दस कट्टों में 190 किलो डोडापोस्त सहित काबू कर जेल भेजा था।

### अंडरब्रिज में जलभराव से वाहन चालक परेशान

**डिंग।** शनिवार देर शाम डिंग में हुई बरसात के चलते रेलवे अंडरब्रिज में काफी मात्रा में पानी भर गया, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रविवार सुबह एक अंजान कार चालक अंडरब्रिज से गुजर रहा था कि अचानक पानी में छुपे गड्ढों में जाने से उसकी कार का इंजन बंद हो गया और भारी नुकसान हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि हर बार बरसात के बाद यही स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे रोजमर्रा की आवाजाही बाधित होती है। हालांकि सुबह करीब दस बजे रेलवे कर्मचारियों द्वारा पानी को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक कई लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### श्री श्याम मंदिर का 53वां श्याम महोत्सव प्रारंभ

**हांसी।** बड़सी गेट के नजदीक स्थित श्री श्याम मंदिर में रविवार सुबह 651 अखंड ज्योत प्रज्जवलित कर श्री श्याम मंदिर के 53 वें श्याम महोत्सव का शुभारंभ किया गया। अखंड ज्योत प्रज्वलित कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय कम्बीरी और कमल कम्बीरी (गंगू हलवाई) ने की। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रधान जगदीश मित्तल ने बताया कि श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट व श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्याम महोत्सव बडे धूम-धाम से बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि रविवार को अखंड ज्योत प्रज्जवलित करने के साथ ही 53वां श्याम महोत्सव का शुभारंभ हो गया। उन्होंने बताया कि 26 मई को श्याम नाम की मेहंदी, 27 मई को सुबह भव्य कलश यात्रा व 28 मई को निशान यात्रा निकाली जाएगी। 29 मई को शहर में भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा निकलेगी।

## श्रमदान मानसिक शुद्धता, और नागरिक कर्तव्यबोध का परिचायक : एसपी

# थानों-चौकियों में पुलिस कर्मियों ने हाथों में झाड़ू लेकर की साफ-सफाई

**श्रमदान भारतीय संस्कृति की एक अनमोल परंपरा है, जिसे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने दिया विशेष महत्व**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद






फतेहाबाद। पुलिस चौकियों में सफाई अभियान चलाते पुलिस कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

फतेहाबाद पुलिस न केवल अपराध नियंत्रण में सफल सिद्ध हो रही है, अपितु सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए श्रमदान जैसे जनहितकारी अभियानों में भी सक्रिय भागीदारी निभा रही है। इसी कड़ी में रविवार को फतेहाबाद पुलिस द्वारा जिलेभर में थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों तथा विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से एक व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने अपने-अपने कार्यालय परिसर, थानों, चौकियों व शाखाओं की साफ-सफाई करते हुए स्वेच्छा से श्रमदान किया। हाथों में झाड़ू लेकर पुलिस कर्मचारी सफाई करते नजर आए। पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन ने कहा कि श्रमदान केवल शारीरिक श्रम नहीं, अपितु यह मानसिक शुद्धता, सामाजिक समरसता और नागरिक कर्तव्यबोध का परिचायक है। उन्होंने कहा कि श्रमदान भारतीय संस्कृति की एक अनमोल परंपरा है, जिसे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने विशेष महत्व दिया था। बापू का मानना था कि प्रत्येक नागरिक को समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन स्वयं के श्रम से करना चाहिए। एसपी ने कहा कि साफ-सुथरा वातावरण न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि यह मानसिक शांति एवं कार्यक्षमता को भी बढ़ाता है। ऐसे में श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता के प्रति कर्मचारियों की जागरूकता और सहभागिता निश्चित ही एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि श्रमदान केवल सफाई तक सीमित नहीं है। इसमें वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण, सार्वजनिक स्थलों की सफाई, सामुदायिक सेवा जैसे कार्य भी सम्मिलित हैं। इस प्रकार के अभियान नागरिकों को समाज के प्रति जिम्मेदारी का बोध कराते हैं और सामूहिक चेतना को जागृत करते हैं।




एमएम मेमोरियल में आयोजित सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थियों के साथ प्रबंधन समिति के सदस्य।

## एमएम स्कूल ओढ़ा में 66 मेधावी छात्रों को नवाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओढां

एमएम मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ओढ़ा में कक्षा 10वीं और 12वीं के 66 मेधावी छात्रों को उनकी उत्कृष्ट बोर्ड परीक्षा प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्र और वर्तमान में आईआईटी खडग़पुर (पश्चिम बंगाल) में अध्ययनरत दिक्षांत साईं मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। उनकी प्रेरणादायक उपस्थिति और अनुभवों ने समारोह को और भी यादगार बना दिया। दिक्षांत साई ने अपने शिक्षकों से पुनर्मिलन पर भावुक होते हुए कहा कि एम.एम. स्कूल की शिक्षा, अनुशासन और मार्गदर्शन ने उनके जीवन की नींव रखी। उन्होंने छात्रों को लक्ष्य के प्रति समर्पण और निरंतर मेहनत की प्रेरणा दी। मंच संचालन संध्या बेनीवाल प्रियंका शर्मा व सतवीर कोर द्वारा बखुबी निभाया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर गुलाब सिंह, प्राचार्या सीमा बेनिवाल और संस्थापक रोहताश गोदारा ने छात्रों को बधाई देते हुए उन्हें दिक्षांत जैसे पूर्व छात्रों से प्रेरणा लेकर आगे बढने का संदेश दिया। बोर्ड कक्षाओं को पढ़ाने वाले शिक्षकों को भी मंच पर सम्मानित किया गया, जिन्हें इस सफलता की रीढ़ बताया गया।अभिभावकों ने भी विद्यालय प्रबंधन और समर्पित शिक्षकों के प्रति आभार जताया।

## सरकार कोरोना को लेकर गंभीर नहीं: सांसद सैलजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार की लापरवाही से जनता की जान पर बनती जा रही है, कोरोना प्रदेश के कई जिलों में दस्तक दे चुका है, पर तैयारियां अधूरी है, ऑक्सीजन प्लांट खराब पड़े है, अधिकतर जिलों में कोरोना के टेस्ट तक शुरू नहीं हुए है। प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था का 'स्वास्थ्य' ही खराब चल रहा है ऐसे में सरकार को इसमें तत्काल सुधार के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए, क्योंकि लोगों की जान माल की सुरक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है और सरकार इस जिम्मेदारी से भाग नहीं सकती। मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। करोड़ों रुपये खर्च कर बनाए गए ऑक्सीजन प्लांट अब अव्यवस्था की भेंट चढ़ रहे हैं। हिसार के अस्पताल में 1000 लीटर प्रति मिनट क्षमता वाला ऑक्सीजन प्लांट 15 महीने से खराब पड़ा है, जबकि दूसरा प्लांट तो हैंडओवर के बाद एक दिन भी नहीं चला। यह कोई साधारण तकनीकी समस्या नहीं, बल्कि भाजपा सरकार की नीति, नीयत और निगरानी की विफलता का सजीव प्रमाण है।

## खेलों के माध्यम से दिया नशे से दूर रहने का संदेश

- पुलिस की स्वैट कमांडो टीम ने गांव मिठड़ी में करवाई प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओढां



सिरसा। गांव मिठडी में फुटबाल खेल रहे बच्चों के साथ पुलिस। फोटो :हरिभूमि

डबवाली पुलिस की स्वैट कमांडो टीम ने गांव मिठड़ी में प्रतियोगिता करवा कर युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। 25 मई को हुए इन आयोजनों में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इन खेलों के माध्यम से युवाओं को पढ़ाई और भविष्य सुधारने के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान के तहत नशा पीड़ितों को इलाज दिलवाया जा रहा है। नशा तस्करों को पकड़कर जेल भेजा जा रहा है। आमजन भी इस मुहिम में पुलिस का साथ दे रहे हैं। कई नशा पीड़ित अब खुद नशा छोडक़र समाज की मुख्यधारा में लौट रहे हैं। स्वैट कमांडो टीम ने मिठडी गांव में फुटबॉल मैच कराया। इन आयोजनों में युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। उन्हें साफ-सुथरा जीवन जीने के फायदे समझाए गए। पुलिस द्वारा लगाए जा रहे जागरूकता कैंपों में बताया जा रहा है कि शराब, अफीम, गांजा जैसी नशीली चीजें शरीर और दिमाग को नुकसान पहुंचाती हैं। नशा व्यक्ति, परिवार और समाज को प्रभावित करता है। पुलिस का कहना है कि नशे से बचने के लिए जिम्मेदारी समझनी और स्वस्थ जीवन शैली अपनानी होगी। समाज को भी इस मुहिम में साथ देना होगा। पुलिस ने अपील की है कि अगर किसी को नशा बेचने की जानकारी हो तो नजदीकी थाने में सूचना दें।

### धर्मपाल बने क्लीरिंग चिट कमेटी के अध्यक्ष

**सिरसा।** आढ़ती एसोसिएशन सिरसा की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। इस कड़ी में मंडी एसोसिएशन के कार्य संचालन के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है जिसमें क्लीरिंग चिट कमेटी का अध्यक्ष वरिष्ठ आढ़ती धर्मपाल जिंदल को बनाया गया है। धर्मपाल जिंदल ने अपनी नियुक्ति पर एसोसिएशन का आभार जताते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है उसे वे पूरी निष्ठा से निभाएंगे और सभी आढ़तियों को साथ लेकर चलेंगे। उधर धर्मपाल जिंदल को क्लीरिंग चिट कमेटी का अध्यक्ष बनाए जाने पर आढ़ती राजन बावा, अनीश गर्ग, हन्नी अरोड़ा, मोहर सिंह, राजेंद्र झीड़ीवाला, राजेंद्र नड्डा, राजू सुधा, विरेंद्र पचार, सुभाष वधवा, मनीष अरोड़ा, भूषण जिंदल, राजेंद्र जिंदल, कृष्ण टाक, सहित काफी संख्या में आढ़तियों ने बधाई देते हुए कहा कि जिंदल एक मेहनती, कर्मठ संघर्षशील आढ़ती है।

# जिला बनने के मुद्दे पर किया गहन विचार-विमर्श

## डबवाली जिला बनाओ समिति की बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली



- शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार के अवसरों में वृद्धि की संभावनाओं पर भी सकारात्मक चर्चा की

सिरसा। बैठक के बारे में जानकारी देते हुए पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

डबवाली को जिला बनाने की जन आकांक्षा को साकार करने के उद्देश्य से गठित डबवाली जिला बनाओ समिति के सक्रिय सदस्यों की बैठक रविवार को वरच्युस भवन में हुई। इस बैठक में न केवल जिला बनने के विभिन्न पहलुओं पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया, बल्कि समिति के एकजुटता और दृढ़ संकल्प को भी प्रदर्शित किया गया। बैठक में डबवाली को जिला बनाने से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। सदस्यों ने इस बात पर गहन चर्चा की कि कैसे डबवाली के जिला बनने से क्षेत्र में विकास के नए द्वार खुलेंगे। यह न केवल प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि करेगा, बल्कि स्थानीय लोगों को सरकारी सेवाओं तक बेहतर पहुंच प्रदान करेगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार के अवसरों में वृद्धि की संभावनाओं पर भी सकारात्मक चर्चा हुई, जिससे क्षेत्र की आर्थिक और सामाजिक प्रगति को गति मिलेगी। इस बात पर संतोष जताया गया कि सकारात्मक मीडिया रिपोर्ट्स से स्पष्ट है कि सरकार डबवाली को जल्द जिला घोषित कर सकती है। इससे डबवाली के लोगों में एक नई उम्मीद और उत्साह का संचार हुआ है। बैठक में संजीव शाद, सुखवंत सिंह चीमा, रवि मोंगा, लाजपत राय वधवा, नरेश सेठी, राजेश जैन काला, विजयंत शर्मा, रवि बिश्नोई सहित समिति के अन्य सक्रिय सदस्यों ने डबवाली को जिला बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए चलाई गई सकारात्मक मुहिम को सफल बताया। उन्होंने कहा कि जिला बनाओ समिति का गठन डबवाली को जिला बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक कदम रहा।

## शिक्षा निदेशालय के घेराव में हिसार से सैकड़ों अध्यापक लेंगे भाग : अध्यापक संघ

- हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की जिला कार्यकारिणी की मीटिंग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की जिला कार्यकारिणी की मीटिंग जिला प्रधान प्रमोद जांगड़ा की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूडी वर्कर्स यूनियन के नहर कालोनी स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव विनोद प्रभाकर ने किया। बैठक में राज्य ऑडिटर पवन कुमार विशेष रूप से शामिल रहे। बैठक को संबोधित करते हुए राज्य ऑडिटर पवन कुमार ने बताया कि अध्यापको के मांग मुद्दों को लेकर अध्यापक संघ द्वारा 5 जून को शिक्षा सदन पंचकूला पर घेराव करेगा। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की कर्मचारी, किसान, मजदूर व आम जनता विरोधी नीतियों के खिलाफ आगामी 9 जुलाई को ट्रेड यूनियनों की प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल में हरियाणा के हजारों शिक्षक शामिल होंगे। संघ के नेताओं ने मांग की कि केंद्र सरकार पुरानी पैशन बहाल करे, आठवें वेतन आयोग का गठन करे, सार्वजनिक शिक्षा, स्वास्थ्य व सार्वजनिक सेवाओं का विस्तार करे और निजीकरण पर रोक लगाए। जिला सचिव विनोद प्रभाकर बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यदि अध्यापकों को अतिरिक्त कार्य दिया जाता है तो हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ इसका विरोध करेगा।

## किचन गार्डन के लिए जारी हुआ 31.30 लाख का बजट

**सिरसा।** जिला के सरकारी स्कूलों में बनाए गए किचन गार्डन को विकसित करने के लिए शिक्षा विभाग की ओर से वार्षिक बजट जारी कर दिया है। विभाग की ओर से जिला के 626 स्कूलों को प्रति स्कूल 5 हजार के हिसाब दिया गया है। विभाग की ओर से 31 लाख 30 हजार का बजट भेजा गया है। इसके अलावा 106 स्कूलों में पहले ही 5 लाख 30 हजार रुपए का बजट जारी कर दिया गया था। विद्यालयों में इसके माध्यम से सब्जियां, फल व फूल उगाए जाएंगे। विद्यार्थियों को इसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का पाठ पढ़ाया जाएगा। शिक्षकों की देखरेख में विद्यार्थी बागवानी सीखेंगे।

## लायंस क्लब अमर ने चत्तरगढ़ पट्टी में खोला सिलाई सेंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। बेटियों को सिलाई मशीन वितरित करते हुए।

लायंस क्लब सिरसा अमर के संस्थापक अध्यक्ष रमेश साहुवाला ने कहा कि 21वीं सदी के भारत निरंतर उन्नति कर रहा है मगर आज भी अनेक अवसर देखे जा रहे हैं कि हमारी बेटियां घर से भी बाहर निकलने में कतराती हैं। रमेश साहुवाला रविवार को चतरगढ़पट्टी में आठवें सिलाई सेंटर का उद्घाटन करते हुए बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बेटियों को हमें उच्च शिक्षा देनी होगी ताकि वे पढ़-लिखकर आत्मनिर्भर बन सकें और देश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षित एवं खुशहाल बेटी हमारे देश व समाज का भविष्य होती हैं। जिस समाज में बेटियों का सम्मान नहीं है वह समाज तरक्की नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में प्राचीन काल से ही कन्या पूजन की प्रथा प्रचलित है तथा कन्या को देवीका स्वरूप माना गया है। कहा भी गया है कि जहां नारी का सम्मान होता है वहां देवी-देवता विराजमान रहते हैं।

## राजपुरा के अंकित हत्याकांड के पांचों आरोपित दो दिन के पुलिस रिमांड पर

- हत्याकांड के मुख्य आरोपित से करेंगे तेजदार हथियार बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

यहां के नए बस स्टेंड पर एक सप्ताह पूर्व 18 मई की रात को राजपुरा निवासी अंकित की हत्या मामले में पुलिस ने पांच युवकों को गांव भैणी अमीरपुर से पकड़ा है। इनको रविवार को कोर्ट में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया हैं। पुलिस ने इस मामले में होटल के मालिक शौकीन व एक अन्य युवक संजीव को जेल भेज दिया है।

गांव राजपुरा के अंकित हत्याकांड के मामले में पुलिस ने शनिवार को भैणी अमीरपुर निवासी इस हत्याकांड के मुख्य आरोपित होटल का करिंदा प्रदीप उर्फ भोला, नारनौंद निवासी विक्की उर्फ विक्रम, अमित उर्फ एक्टर, बादल उर्फ गौतम, जमावड़ी निवासी सुमित को गांव भैणी अमीरपुर बस स्टेंड के पास से गिरफ्तार किया था। पांचों युवकों को रविवार को हांसी की कोर्ट में पेश किया गया जहां से उनको दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है ताकि इस वारदात में प्रयोग किया गया तेजधार हथियार वह अन्य सामान बरामद किया जा सके।

## नेशन बिल्डर अवार्ड समारोह का आयोजन 28 मई को

# आयुक्त 150 से अधिक प्राथमिक शिक्षकों को करेंगे सम्मानित

- प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले उन शिक्षकों को सम्मानित करेगा संघ : दहिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर चर्चा करते प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्राथमिक शिक्षकों को राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबंधित अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसको लेकर 28 मई बुधवार को फतेहाबाद-सिरसा बाईपास पर स्थित द आर्यन स्कूल में प्राथमिक शिक्षकों के सम्मान हेतु 'नेशन बिल्डर अवार्ड सम्मान समारोह' आयोजित किया जा रहा है। समारोह में हिसार मंडल के आयुक्त अशोक गर्ग बतौर मुख्यअतिथि भाग लेंगे और 150 से अधिक टीचर्स को सम्मानित करेंगे। समारोह की तैयारियों को लेकर रविवार को प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक हुई। प्राथमिक शिक्षक संघ के राज्य चेयरमैन देवेन्द्र दहिया व जिला प्रधान विकास टुटेजा ने बताया कि सम्मान समारोह में प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले उन शिक्षकों को प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने नवोदय विद्यालय में दाखिले हेतु बच्चों को तैयार करवाया और जिनके द्वारा तैयार किए गए बच्चों के नवोदय विद्यालय में दाखिले हुए। इसके अतिरिक्त स्काउटिंग में राज्य स्तर पर गोल्डन एरो के लिए बच्चे तैयार करने वाले प्राथमिक शिक्षकों तथा राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त करने वाले जिला फतेहाबाद के प्राथमिक शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा। पिछले वर्ष विद्यालय सौंदर्यकरण पुरस्कार जीतने वाले जिले के सभी विद्यालयों को विशेष तौर पर प्राथमिक शिक्षक संघ सम्मानित करेगा।

खबर संक्षेप

## झगड़ा करने के आरोपी में पिता-पुत्र गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** मामूली कहासुनी के बाद दो भाइयों के साथ लड़ाई झगड़ा करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने बाप-बेटे को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों की पहचान कुलदीप सिंह पुत्र बनारसी दास व उसके लड़के हन्नी निवासी रविदास मोहल्ला, टोहाना के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी इंस्पैक्टर प्रहलाद सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 23 मई को सौरभ पुत्र रूप सिंह निवासी रविदास मोहल्ला, टोहाना की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी रविदास मोहल्ला निवासी हन्नी के साथ कहासुनी हो गई थी। इसमें उनका पंचायती राजीनामा हो गया था।

## उद्योग उन्नयन योजना का लाभ उठाएं : डीसी

**फतेहाबाद।** केंद्र सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के विकास के लिए एक उल्लेखनीय कदम है। हरियाणा सरकार राज्य में सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के विकास के लिए विशेष ध्यान केंद्रित कर रही है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना का लाभ पहुंचाने के लिए अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

## सोसायटी अरूट जयंती पर लगाएगी शिविर

**रतिया।** अरूट महाराज की जयंती पर 30 मई को फतेहाबाद रोड स्थित इम्पीरियल गार्डन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कैम्प की तैयारियों को लेकर युवा अरोड़वंश वेलफेयर सोसायटी की बैठक डॉ. पीयूष अरोड़ा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अरोड़वंश महासभा के अध्यक्ष अशोक ग्रोवर मौजूद रहे। बैठक में रक्तदान शिविर को लेकर भीष्म भटेजा को प्रोजेक्ट चेयरमैन बनाया गया। पीयूष अरोड़ा ने कार्यक्रम के लिए सदस्यों की ड्यूटियां लगाई। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि पूर्व सांसद एवं भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुनीता दुग्गल होंगी। विशिष्ट अतिथि हरियाणा अनुसूचित जाति चेयरमैन रविंद्र बलियाला, एसपी सिद्धार्थ जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोडा, एसडीएम सुरेश कुमार, डीएसपी नर सिंह, भाजपा मंडलाध्यक्ष अंकित सिंगला भाग लेंगे।

## खड़े ट्रक से बैट्री चोरी करने के आरोपी काबू

**सिरसा।** शहर थाना सिरसा पुलिस ने ऑटो मार्केट सिरसा क्षेत्र में खड़े ट्रक की बैटरी चोरी करने के मामले में आरोपी युवक को बेगू रोड स्थित जगदंबे पेपर मिल सिरसा क्षेत्र से काबू कर लिया है। शहर सिरसा थाना प्रभारी संदीप सिंह ने बताया कि आरोपी की पहचान अमर सिंह उर्फ पीके पुत्र रणजीत सिंह निवासी मोचियां वाली गली रानियां रोड सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि हरि विष्णु कॉलोनी निवासी सुखविंद्र सिंह पुत्र गुरमेल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीते दिन ऑटो मार्केट क्षेत्र में ट्रक खड़ा करके मार्केट से सामान लेने के लिए चला गया था। थोड़ी देर बाद वापस आकर देखा तो ट्रक की बैटरी कोई अज्ञात युवक चोरी करके ले गया।

## बाइक सवार हेरोइन व अफीम सहित गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान अलग-अलग जगहों से दो युवकों को 115 ग्राम अफीम व 6 ग्राम 03 मिलीग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रेम कुमार ने सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान टी प्वाइंट गांव पतली डाबर के नजदीक मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को गांव पतली डाबर की ओर से एक बाइक सवार युवक आता हुआ दिखाई दिया। उक्त बाइक सवार युवक ने सामने पुलिस पार्टी को देखकर अचानक बाइक को वापस मोडक़र भगाने का प्रयास किया। पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर बाइक सवार युवक को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में उसकी तलाशी ली।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार ने शुरू की विधवा अनुदान योजना, डेयरी, सैलून, व अन्य कामों के लिए मिलेगा अनुदान

### महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं को सशक्त, स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। सरकार की ओर से हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से महिलाओं के उत्थान व स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता प्रदान कर रही है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि हरियाणा सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में विधवा अनुदान योजना शुरू की है जिसके तहत महिलाओं को तीन लाख रुपए तक का ऋण बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने बताया कि इस योजना के लिए वही महिलाएं पात्र होंगी जिनकी पारिवारिक आय तीन लाख रुपए या फिर इससे कम हो तथा महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच हो। उन्होंने बताया कि कोई भी महिला द्वारा पहले किसी ऋण मामले में डिफाल्टर न हो।

**आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कारगर योजना**

उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि यह योजना महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बेहद कारगर है तथा उनके जीवन स्तर में भी सुधार आएगा। उन्होंने बताया कि विधवा अनुदान योजना के तहत बैंक ऋण के ऊपर लगे ब्याज की प्रतिपूर्ति हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा वहन की जायेगी, जिसकी अधिकतम सीमा 50 हजार रुपए या 3 वर्ष जो भी पहले होगी। इस ऋण के माध्यम से प्रदेश की महिलाएं स्वरोजगार स्थापित करके दूसरे नागरिकों को भी रोजगार प्रदान कर सकेगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा महिला विकास निगम की विधवा अनुदान योजना के तहत विधवा महिलाएं डेयरिंग, वाहन के तहत ऑटो रिक्शा, ई रिक्शा, सामाजिक व व्यक्तिगत सेवा गतिविधियों के तहत सैलून, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, बुटीक, पापड़ बनाना, अचार बनाना, हलवाई की दुकान, फूड स्टॉल, आइसक्रीम बनाने की यूनिट, बिस्कुट बनाना, टिफिन सर्विस, स्कूल यूनिफार्म सिलना आदि बनाने का काम शुरु कर सकती।



उपायुक्त मनदीप कौर।

**ये दस्तावेज अनिवार्य**

योजना का लाभ लेने के लिए निर्धारित दस्तावेज आवेदन पत्र के साथ जमा करवाने होंगे, इन दस्तावेजों में आवेदन पत्र, राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, पति का मृत्यु प्रमाण पत्र ,पासपोर्ट आकार फोटो, रिहायशी प्रमाण पत्र, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, ट्रेनिंग प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र आदि शामिल है। इसके अलावा सभी दस्तावेजों की दो-दो प्रतियां होनी आवश्यक है। इस योजना की अधिक जानकारी के लिए हरियाणा महिला विकास निगम के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## गांजा बेचने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों व सप्लायरों की धरपकड़ को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत भट्टूकलां पुलिस ने एक गांजा सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान सुधीर पुत्र हरी सिंह निवासी बोदीवाली के रूप में हुई है। थाना भट्टूकलां प्रभारी एसआई राधेश्याम ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 23 मई को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर सुधीर पुत्र हरि सिंह निवासी बोदीवाली को गिरफ्तार किया था। एवीटी स्टाफ फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई सुखविन्द्र सिंह के नेतृत्व में गांव बोदीवाली से डिंग मण्डी रोड पर जा रही थी तो रास्ते में सडक़ किनारे एक व्यक्ति हाथ में प्लास्टिक कट्टा लिए खड़ा दिखाई दिया।

### आधे से ज्यादा वेंटिलेटर भी नॉन फंक्शनल

# प्रदेश में कोविड के केस मिलने के बाद भी जिले में नहीं बनाए गए आइसोलेशन वार्ड

जिले में कोई भी कोविड संक्रमित मरीज आता है तो उसके लिए 10 बैड रिजर्व किए गए हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

प्रदेश के कई जिलों में कोरोना के केस मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है। शनिवार को स्वास्थ्य विभाग ने जिले के सभी स्वास्थ्य अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश जारी कर खांसी, बुखार व जुकाम के मरीजों के लिए कोविड टेस्ट करवाने को कहा है। जिले में कोई भी कोविड संक्रमित मरीज आता है तो उसके लिए 10 बैड रिजर्व किए गए हैं। हालांकि फतेहाबाद में आइसोलेशन वार्ड तैयार नहीं किया गया है लेकिन विभाग ने आइसोलेशन वार्ड को लेकर तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसके अलावा यहां आधे से ज्यादा वेंटिलेटर भी नॉन फंक्शनल हैं। उपसिविल सर्जन डॉ. शरद तुली के अनुसार जिले के तीनों ऑक्सीजन प्लांट सही काम कर रहे हैं। प्रदेश के कई जिलों में कोरोना के केस मिलने के बाद फतेहाबाद का स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। शनिवार को नागरिक अस्पताल में फ्लू कॉर्नर बना दिया गया है। सोमवार से अस्पताल की ओपीडी में आने वाले मरीजों की पहले स्क्रीनिंग की जाएगी। यानि कि खांसी, जुकाम व बुखार के मरीजों का कोरोना टेस्ट होगा।

अगर किसी में लक्षण दिखते हैं तो उसके सैंपल लेकर अग्रोहा मेडिकल में जांच के लिए भेजे जाएंगे। इसके अलावा बाहर से आने वाले यात्रियों पर भी निगरानी रखी जाएगी। अस्पताल प्रशासन ने कोरोना महामारी के दौरान फ्लू क्लीनिक पहले बाहर बनाया था, लेकिन गर्मी के कारण इस बार फ्लू क्लीनिक को कमरा नंबर 11 में बनाया गया है। यहां पर मेडिकल ऑफिसर मरीजों की स्क्रीनिंग करेंगे।



**फतेहाबाद।** नागरिक अस्पताल स्थित ऑक्सीजन प्लांट। *फोटो : हरिभूमि*

**बेड किए गए रिजर्व**

कोरोना के अलर्ट को लेकर नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग प्रशासन 10 बेड रिजर्व कर दिए हैं। इसको लेकर सोमवार को मंथन किया जाएगा। विभाग ने अभी ये तय नहीं किया है कि कोरोना को लेकर कहां-कहां पर आइसोलेशन वार्ड बनाए जाने हैं। एसएमओ डॉक्टरों के साथ सोमवार की बैठक कर इस बारे फैसला लेंगे। सिविल सर्जन डॉ. कुलप्रतिभा ने सभी अस्पताल इंचार्ज को कोरोना महामारी के चलते अलर्ट रहने के निर्देश दिए है। इसके अलावा ये निर्देश दिए गए है कि महामारी के दौरान जो भी मेडिकल सुविधाएं जरूरी हो, उन्हें तैयार रखा जाए। जिले में फतेहाबाद, रतिया और टोहाना के सरकारी अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट है जोकि तीनों वर्किंग में हैं।




**नागरिक अस्पताल में फ्लू कॉर्नर बना**

कोरोना महामारी के अलर्ट के बाद नागरिक अस्पताल में फ्लू कॉर्नर बना दिया गया है। उच्च अधिकारियों के निर्देश अनुसार सोमवार से मरीजों की स्क्रीनिंग की जाएगी। फतेहाबाद में अभी तक आइसोलेशन वार्ड तैयार नहीं किया है। आधे से ज्यादा वेंटिलेटर नॉन फंक्शनल हैं। लोगों से भी अपील है कि एहतियात बरतें। -डॉ. **शरद** तुली, उप सिविल सर्जन फतेहाबाद



**सिरसा।** डेरा सच्चा सौदा के स्थापना माह के भंडारा में उपस्थित साध संगत।

# डेरा सच्चा सौदा का स्थापना माह मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

डेरा सच्चा सौदा के 77वें स्थापना माह का भंडारा रविवार को डेरा में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। भंडारे पर आयोजित नामचर्चा सत्संग कार्यक्रम में काफी संख्या में साध संगत ने भाग लिया। इस अवसर पर क्लॉथ बैंक मुहिम के तहत 77 जरूरतमंद बच्चों को वस्त्र वितरित किए गए। सभी श्रद्धालुओं ने डेरा सच्चा सौदा के स्थापना माह के भंडारे की एक दूसरे को बधाई दी। भंडारे के अवसर पर भारतीय संस्कृति और संस्कारों को दर्शाती एक डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई जिसमें दिखाया गया कि दुनिया में भारत की संस्कृति शीर्ष पर है लेकिन पाश्चात्य संस्कृति के चलते धीर-धीरे देश की युवा पीढ़ी भारत की संस्कृति से दूर होती जा रही है। देशवासियों को देश की संस्कृति से जोडऩे के लिए डेरा सच्चा सौदा लगातार कार्य कर रहा है। इस दौरान श्रद्धालुओं ने डेरा प्रमुख के प्रवचनों को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने बताया कि इंसान अपने-अपने काम धंधे में मस्त है। दिन-रात दुनियावी काम धंधों में मस्त रहने की वजह से आज के इस घोर कलियुग में इंसान का इंसानियत से भी विश्वास उठता जा रहा है। आज इंसानियत, मानवता खत्म होती जा रही है जिसका मुख्य हमारा काम धंधों में व्यस्त रहना है।

## राष्ट्रसेवा और सामाजिक समरसता के प्रतीक थे अशोक सिंघलः कुलपति

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय,सिरसा के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने अपने परिसर स्थित इनफार्मेशन सेंटर एंड गाइडेंस ब्यूरो भवन का नामकरण विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ नेता अशोक सिंघल के नाम पर करने की घोषणा की है। विश्वविद्यालय के कार्यकारी अभियंता राकेश गोदारा ने बताया कि अशोक सिंघल एक ऐसी महान विभूति थे जिनका संपूर्ण जीवन राष्ट्र धर्म, संस्कृति और समाज की सेवा के लिए समर्पित रहा। उनके विचारों को विद्यार्थियों में समायोजित करने के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस भवन का नाम अशोक सिंघल के नाम पर रखने का निर्णय लिया।

# पंच धुणों के बीच तप कर रहे नाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भट्टूकलां

गुरू गोरखनाथ संप्रदाय से जुड़े पीलीमंदोरी निवासी अनिल नाथ गांव के गोरखनाथ मंदिर में 41 दिनों की कठोर पंच धुणी अग्नि तपस्या कर रहे है। रविवार को इनकी तपस्या 27 वें दिन में प्रवेश कर गई है। इन दिनों भयंकर गर्मी के बीच वे इस प्रकार की कठोर तपस्या प्रत्येक वर्ष करते आए है। अभी तक लगातार 11 सालों से यह अग्नि तपस्या कर चुके है।

शुरुआती दौर में पांच धुणी में प्रत्येक धुणी में 11-11 उपलों से शुरुआत करते है। इसके बाद प्रतिदिन एक-एक उपले की बढ़ोतरी होती रहती है। इस प्रकार 41वें दिन प्रत्येक धुणे में बढ़ते क्रम के साथ 51-51 उपलों की अग्नि जलाई जाती है। इन जलते हुए धुणों के बीच अनिल नाथ हवन यज्ञ के साथ कडक़ती धूप में दोपहर 10 बजे से सवा 1 बजे तक कठोर तपस्या करते है। इस दौरान 41 दिनों तक अन्न ग्रहण ना करते हुए कठोर व्रत भी रखते है। केवल जल, चाय व तरबूज ही खाते है। इनके गोरखनाथ धुणे पर 12 वर्षों से मुख्य धुणा अखंड तपस्या के साथ चेतन रहता है, जिसमें सुबह-शाम हवन यज्ञ किया जाता है।



**भट्टूकलां।** गांव पीलीमंदोरी के गोरखनाथ मंदिर में पंच धुणों के बीच तपस्या करते अनिल नाथ। *फोटो : हरिभूमि*

# देश के मन की बात करते हैं पीएम मोदी

- भाजपा नेताओं व जिला पदाधिकारियों ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को रविवार को बीजेपी जिला कार्यालय में वरिष्ठ नेताओं व जिला पधिकारियों ने सुना। इस अवसर पर पूर्व विधायक दूड़ाराम, जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य, मन की बात कार्यक्रम के सिरसा लोकसभा संयोजक बलदेव सिंह ग्रोहा विशेष तौर पर मौजूद रहे। मन की बात कार्यक्रम को सुनने के उपरांत पूर्व विधायक दुड़ाराम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस कार्यक्रम के माध्यम से केवल अपने मन की बात नहीं करते, बल्कि देश के मन की बात करते हैं। उनकी हर एक बात महत्वपूर्ण होती है। देश के विकास और उत्थान की दिशा में भविष्य की दृष्टिकोण से पीएम देशवासियों को संबोधित करते हैं। दुड़ाराम ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने मन की बात के माध्यम से हमेशा ही लोकल फॉर वॉकल को महत्व दिया है। मेड इन इण्डिया को आधार बनाकर देश को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने देश के हर उस वर्ग को देशवासियों के सामने चरितार्थ किया है, जिन्होंने छोटे छोटे लघु उद्योग के माध्यम से देश निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ना केवल देशवासियों को आत्मनिर्भर बनाया।



**फतेहाबाद।** पीएम मोदी के मन की बात सुनते भाजपा नेता। *फोटो : हरिभूमि*

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर भाजपा नेता सुनीता दांगी, प्रमोद कौशिक, अशोक जाखड़, जिला उपाध्यक्ष महेश शर्मा, जगदीश शर्मा, जिला परिषद की चेयरपर्सन सुमन खिचड़, सोशल मीडिया के प्रदेश सह संयोजक मनजीत गोस्वामी, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुमन बजाज, सुभाष खिचड़, पूर्व मंडल अध्यक्ष शम्मी ढींगड़ा, पर्यावरण प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुभाष चंदौरा, पार्षद ज्ञान सिंह, कार्यालय सचिव बनवारी लाल गहलोत, जिला मीडिया सह प्रभारी नवजोत ग्रोहा सहित अनेक वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रिश्तेदार बनकर फोन कर रहे साइबर ठग

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने नागरिकों को सचेत करते हुए बताया है कि साइबर अपराधी अब ठगी के लिए नए-नए तरीके अपना रहे हैं और आमजन की भावनाओं का फायदा उठाकर उन्हें धोखाधड़ी का शिकार बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में अनेक विद्यार्थी विदेशों में पढ़ाई अथवा नौकरी के लिए निवास कर रहे हैं। साइबर ठग इसी स्थिति का लाभ उठाकर विदेशों से कॉल कर स्वयं को उनके रिश्तेदार या परिचित बताकर झूठी कहानियाँ गढ़ते हैं। वे कहते हैं कि आपके बेटे या रिश्तेदार का किसी से झगड़ा हो गया है या किसी दुर्घटना में वह फंस गया है, और समझौते अथवा सहायता के लिए धनराशि की आवश्यकता है। भय और चिंता के चलते कई बार लोग बिना सत्यापन किए तत्काल पैसे भेज देते हैं, और बाद में उन्हें ठगी का एहसास होता है। कुछ मामलों में ठग यह कहकर भी लोगों को भ्रमित करते हैं कि विदेश से आपके खाते में पैसे भेजे गए हैं, जो भारत में कोई एजेंट लेने आएगा। वे फर्जी बैंक रसीदें या नकली स्क्रीनशॉट भेजकर लोगों को विश्वास में लेते हैं और धोखाधड़ी को अंजाम देते हैं।



एसपी सिद्धांत जैन।

### थाना एवं चौकी स्तर पर नियुक्त अधिकारियों को दी जानकारी

# फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों के लिए कार्यशाला का आयोजन

- फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ एएसआई रमेश कुमार ने कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

अपराध अनुसंधान को और अधिक प्रभावी तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सशक्त बनाने की दिशा में फतेहाबाद पुलिस कार्यालय में एक दिवसीय फिंगरप्रिंट कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का संचालन फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ एएसआई रमेश कुमार द्वारा किया गया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य पुलिस विभाग के फिंगरप्रिंट सहायकों को फिंगरप्रिंट एकत्र करने, संरक्षित रखने तथा उनके वैज्ञानिक विश्लेषण की नवीनतम तकनीकों से अवगत कराना था। प्रशिक्षण में व्यावहारिक जानकारी के माध्यम से यह बताया गया कि अपराध स्थल पर मौजूद फिंगरप्रिंट साक्ष्यों को कैसे उचित उपकरणों और तकनीकों के माध्यम से सुरक्षित और प्रमाणिक रूप से संग्रहित किया जा सकता है। इस मौके पर अधिकारी मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों के लिए आयोजित कार्यशाला। *फोटो : हरिभूमि*

**डिजिटल फिंगरप्रिंट स्कैनिंग का प्रशिक्षण**

विशेषज्ञों द्वारा कार्यशाला में अनेक विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। जैसे पाउडर तकनीक, सायनोएक्रिलेट और निनहाइड्रिन का प्रयोग करना। विभिन्न सतहों से फिंगरप्रिंट उठाने की तकनीकें कांच, धातु, प्लास्टिक, कागज़ आदि से। डिजिटल फिंगरप्रिंट स्कैनिंग एवं कंप्यूटर आधारित विश्लेषण, साक्ष्य संकलन में सावधानियां एवं कानूनी प्रक्रियाएं, अपराध स्थल पर त्वरित प्रतिक्रिया और साक्ष्य की सुरक्षा की प्रक्रिया बारे जानकारी दी गई। जिले के सभी थाना व चौकी स्तर पर तैनात फिंगरप्रिंट सहायकों एवं तकनीकी कर्मचारियों ने इस कार्यशाला में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को प्रैक्टिकल सेशन के माध्यम से आधुनिक तकनीकों को स्वयं प्रयोग में लाने का अवसर भी प्रदान किया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि ऐसे तकनीकी प्रशिक्षण न केवल विवेचना की गुणवत्ता में सुधार लाते हैं, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया में वैज्ञानिक साक्ष्यों की स्वीकार्यता को भी बढ़ाते हैं। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी समय-समय पर इस प्रकार की कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी, ताकि पुलिस बल को आधुनिक और दक्ष बनाया जा सके।